तापमान

अधिकतम 25 .4 डिग्री
न्यूनतम 6.7 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 10 दिसंबर 2025



12 सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी





12 होली चाइल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित




## खबर संक्षेप

### पुलिस ने अलग-अलग केसों में तीन युवक पकड़े

**नारनौंद।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई करते हुए नशा, अवैध शराब तस्करों पर नकेल कसते हुए एक ही दिन में तीन आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। अलग अलग मामलों में उनके कब्जे से 445 अफीम, 50 पव्वे अवैध देशी शराब व 100 लीटर लाहन बरामद करके मामले में वाछिंत युवकों को किया गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने खांडा रोड़ पर नहर पुल से दो व्यक्तियों को नशोल पदार्थ 445 ग्राम अफीम सहित सुनील उर्फ गोलू वार्ड चार नारनौंद व आदित्य निवासी नारनौंद को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर थाना नारनौंद में मामला दर्ज किया है।

### महिला आयोग की चेयरपर्सन का दो दिवसीय दौरा कल से

**हिसार।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया 11 व 12 दिसंबर तक दो दिवसीय हिसार दौरे पर रहेंगी। नगराधीश हरिराम ने बताया कि चेयरपर्सन 11 दिसंबर को सुबह गांव गंगवा में लीगल अवेयरनेस एवं साइबर क्राइम अवेयरनेस कार्यक्रम में तथा दोपहर को वे सेंट्रल जेल हिसार द्वितीय में जेल निरीक्षण करेंगी। इसके बाद वे दोपहर बाद सीईओ जिला परिषद व सदस्यों के साथ बैठक करेंगी।

### फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों का भौतिक सत्यापन 12 से

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 50 प्रतिशत सब्सिडी पर किसानों को उपलब्ध कराई गई फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों का भौतिक सत्यापन 12 से 14 दिसंबर तक किया जाएगा। यह सत्यापन उन किसानों के लिए है जिन्होंने 10 दिसंबर 2025 तक पोर्टल पर अपने दस्तावेज अपलोड कर दिए थे।

### सिरसा चुंगी नाका से अवैध पिस्तौल समेत काबू

**हिसार।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट के दौरान पुलिस की स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने सिरसा चुंगी पुलिस नाका के पास से एक व्यक्ति को काबू कर अवैध पिस्तोल बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस टीम ने गश्त के दौरान पुलिस टीम को देख असहज हो भागने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को शक के आधार पर काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम लाइन पर मंडी आदमपुर निवासी ललित बताया। नियमानुसार तलाशी लेने पर ललित के कब्जे से एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### स्वच्छता के नियम तोड़ने पर निगम ने 3 चालान किए

**हिसार।** नगर निगमायुक्त नीरज के निर्देशानुसार मंगलवार को सीटीएल प्रदीप जाखड, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू ने कैमेरी रोड विनायक नगर क्षेत्र में एक के द्वारा डस्टबिन प्रयोग न करने व 2 के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर चालान किए गए। इसके साथ ही टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और उन्हें बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले जैसे विकल्पों का उपयोग करें।

### सीएम विंडो की शिकायतों की अगली सुनवाई कल

**हिसार।** नगर निगम से संबंधित सीएम विंडो शिकायतों के निपटान के लिए अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी। इस दौरान लगभग 80 शिकायतकर्ताओं को अपनी समस्याएं सीधे तौर पर रखने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी देते हुए निगमायुक्त नीरज ने बताया कि अब तक लगभग 350 शिकायतों की सुनवाई पूरी की जा चुकी है और अधिकांश मामलों का समाधान भी किया जा चुका है।

## खुशी नर्सिंग कॉलेज में फीस बढ़ाने के मामले ने तूल पकड़ा

# छात्राओं ने किया प्रदर्शन, मैनेजमेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग

चेतावनी : 72 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे दोबारा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव कागसर में स्थित खुशी नर्सिंग कॉलेज में फीस बढ़ाने को लेकर मामले ने तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को कॉलेज की छात्राएं कॉलेज की मैनेजमेंट के खिलाफ नारेबाजी करती हुई गांव राजथल में पहुंची और हांसी-चंडीगढ़ मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे उन्होंने छात्राओं को समझा कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिलाया लेकिन छात्राएं इस बात पर अड़ी रही कि मैनेजमेंट के खिलाफ अभी कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन ने 72 घंटे का अल्टीमेटम देकर छात्राओं को शांत कर जाम को खुलवाया।

जानकारी के अनुसार गांव कागसर के खुशी नर्सिंग कॉलेज में मैनेजमेंट ने पिछले दिनों फीस में बढ़ोतरी की थी। इसको लेकर छात्राओं में रोष पैदा हो गया। काफी छात्राओं ने इसका विरोध किया। छात्राओं ने कॉलेज की मैनेजमेंट के खिलाफ भी आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें कॉलेज में प्रताड़ित किया जाता है। चेयरमैन खुद रात के समय हॉस्टल में आता है। हॉस्टल का खाना भी बेकार होता है। काफी बार कीड़े तक मिल चुके हैं। उनके मोबाइल छीन लिए जाते हैं। भद्दे गाने पर नाचने के लिए मजबूर किया जाता है। कॉलेज में स्टाफ भी काफी कम है। उन्हें कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाती। कॉलेज की पोल खोलने के लिए युटुबर पत्रकार करमू को बुलाया गया तो उसके खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया गया। हमारी आवाज को दबाया जा रहा है।



**नारनौंद।** गांव राजथल में सड़क पर जाम लगाकर बैठी हुई कॉलेज की छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

*जानकारी के अनुसार गांव कागसर के खुशी नर्सिंग कॉलेज में मैनेजमेंट ने पिछले दिनों फीस में बढ़ोतरी की थी।*

### मामले की गहनता से जांच होगी

इस संबंध में डीएसपी विनोद शंकर ने बताया कि छात्राओं की तरफ से कॉलेज मैनेजमेंट के खिलाफ लिखित में शिकायत ली गई हैं। मामले की गहनता से जांच की जाएगी जो भी कसूरवार होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**- विनोद शंकर, डीएसपी।**

### छात्राओं के आरोप निराधार

फीस बढ़ाने को लेकर विवाद हुआ था। यूनिवर्सिटी की गाइडलाइन के अनुसार फीस बढ़ाई गई है। छात्राएं जो आरोप लगा रही है वह पूरी तरह से निराधार है। वो हर तरह की जांच के लिए तैयार हैं।

**- जगदीश, चेयरमैन, खुशी नर्सिंग कॉलेज।**

### यूट्यूबर करमू गिरफ्तार, मिली जमानत

**नारनौंद।** गांव कागसर के खुशी नर्सिंग कॉलेज के हॉस्टल में घुसने पर पुलिस ने यूट्यूबर करमु को विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। हालांकि करमू को अदालत में जमानत मिलने पर रिहा कर दिया गया। गांव कागसर में स्थित खुशी नर्सिंग कॉलेज की हॉस्टल वार्डन निभा सिंहा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले काफी समय से हॉस्टल वार्डन के रूप में कार्य कर रही है। अभी कुछ समय पहले कॉलेज मैनेजमेंट ने हॉस्टल की कुछ फीस बढ़ाई थी। जिस पर कुछ छात्राओं और उनके घर वालों ने एतराज किया। शनिवार को यूट्यूबर करमू जिसका सोशल मीडिया पर यूट्यूब चैनल है। उसे पर वह वीडियो डालता है। शनिवार को कुछ अभिभावकों के साथ कॉलेज में जबरदस्ती घुस गया और कॉलेज के चेयरमैन के साथ बहसबाजी करने लगा। कुछ देर बाद वह हॉस्टल की सुविधा चैक करने के बहाने बिना मेरी अनुमति से कैमरामैन के साथ घुस गया। जब मैंने रोका तो उसने मेरे साथ बदतमीजी की और धक्का देकर हॉस्टल में बच्चों के कमरे में जबरदस्ती घुसने लगा। कॉलेज के कुछ छात्राओं ने भी आपत्ति जताई तो उसने उनके साथ भी गलत व्यवहार करके उनको धक्के मारे। पुलिस ने हॉस्टल वार्डन की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सोमवार की सुबह करमू को गिरफ्तार कर लिया।

## नर्सरी से 10वीं कक्षा तक की कक्षाएं चल रही थी

# गैर-मान्यता प्राप्त निजी स्कूल पर सीएम फ्लाइंग की रेड



उकलाना। गांव मदनपुरा के पाल मिडल स्कूल में निरीक्षण करती सीएम फ्लाइंग टीम।

बिना मान्यता के दसवीं तक चल रही थी पढ़ाई, स्कूल को तुरंत बंद करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

गांव मदनपुरा में संचालित एक गैर-मान्यता प्राप्त निजी स्कूल पर मंगलवार को सीएम फ्लाइंग टीम ने रेड की। औचक निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि पाल मिडल स्कूल नाम से चल रहे इस संस्थान में बिना किसी मान्यता के नर्सरी से लेकर 10वीं कक्षा तक की कक्षाएं चलाई जा रही थीं। स्कूल में अव्यवस्थित माहौल और नियमों की भारी अनदेखी को देखते हुए स्कूल को तत्काल प्रभाव से बंद करवाने के आदेश दिए गए। रेड टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। टीम में उनके साथ उप-जिला शिक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह, एसआई जितेंद्र, हेड कांस्टेबल जितेंद्र और विजय भी शामिल थे।

### निरीक्षण में सामने आई गंभीर खामियां

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि गांव मदनपुरा में बिना अनुमति एक स्कूल संचालित किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों को न तो मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं और न ही शिक्षा का उचित वातावरण। जिसके बाद जब टीम स्कूल पहुंची, तो पाया गया कि स्कूल में नर्सरी से 10वीं तक कुल लगभग 62 विद्यार्थी पढ़ रहे थे। कक्षाओं में बच्चों के बैठने तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। स्कूल परिसर शिक्षा के अनुकूल नहीं था और कई नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खैरी की डीएमसी, कुछ खाली चरित्र प्रमाण पत्र तथा स्वामी विवेकानंद स्कूल, उकलाना से संबंधित दस्तावेज भी मिले। स्कूल संचालक पंकज से मान्यता संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी मान्यता-पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका।

### स्कूल को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए

इन सभी अनियमितताओं के आधार पर उप-जिला शिक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह ने स्कूल को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही, बच्चों की छुट्टी करवाकर उन्हें सुरक्षित घर भेजा गया। पाल मिडल स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को क्लस्टर अनुसार नजदीकी स्कूल में भेजा जाएगा ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न होने पाए। टीम ने मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शिक्षा विभाग आगे की कार्रवाई के लिए भेजेगा।

# छात्र नेता के निलंबन को लेकर किया प्रर्दशन

- गुजवि प्रशासन ने निलंबन वापसी के लिए मांगा 16 दिसंबर तक का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

क्रांतिकारी स्टूडेंट ऑग्रेनाइजेशन के अध्यक्ष छात्र नेता हरिकेश ढांडा के गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी से निष्कासन को रद करवाने को लेकर मंगलवार को गुजवि में विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन किया। इसमें आईएसओ, इनसो, एनएसयूआई और विभिन्न किसान संगठन शामिल हुए।

विभिन्न संगठनों ने वहां पर नारेबाजी की और छात्र नेता हरिकेश ढांडा के निष्कासन को रद करने की मांग उठाई। गुजवि प्रशासन ने इसके लिए 16 दिसंबर का समय मांगा जिस पर छात्र संगठनों ने कहा कि यदि 16 दिसंबर तक हरिकेश ढांडा के निष्कासन को रद नहीं किया तो आगे का फैसला छात्र संगठन व किसान संगठन मिलकर लेंगे। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के छात्र नेताओं व किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि गुजवि प्रशासन अपनी मनमानी नीति अपनाकर छात्रों की आवाज दबाने का काम कर रहा है जो भी छात्र छात्रों के हितों की आवाज उठाता है, उसे यूनिवर्सिटी के वीसी निलंबित करके यूनिवर्सिटी में प्रवेश पर बैन लगा देते हैं। इसके खिलाफ सभी एकजुट होकर संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।



**हिसार :** गुजवि में प्रदर्शन करते छात्र एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि एवं छात्र।

### मनमानी का लगाया आरोप


हरिकेश ढांडा ने कहा कि उन्होंने हमेशा जो यूनिवर्सिटी में गलत हो रहा है उसके खिलाफ और छात्रों के हितों में आवाज उठाई है। गुजवि प्रशासन चाहता है कि वह अपनी मनमानी करता रहे और और इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाए। हरिकेश ढांडा ने कहा कि उन्हें कई बार यूनिवर्सिटी से निलंबित किया जा चुका हैं अब उनकी परीक्षा नजदीक है लेकिन यूनिवर्सिटी ने उनका निलंबन वापिस नहीं लिया है जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन में आईएसओ के प्रदेशाध्यक्ष साहिलदीप कासवां, इनसो से अज्जू घणघस, एनएसयूआई से रोहित दलाल, किसानों संगठनों से अमित सिवाच, रवि आजाद, विकास सीसर, खटकड़ टोल के प्रधान लीला छापड़ा, नसीब, सुमित, गोविंद सैनी, गुरदीप ढांडा सहित अनेक छात्र व किसान मौजूद थे।

# दिनदहाड़े दुकान में चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

- लघुशंका के लिए दुकान से बाहर गया दुकानदार
- काउंटर पर रखा मोबाइल भी ले गया चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

अज्ञात युवक द्वारा लाल सड़क पर स्थित दुर्गा स्पोर्ट्स में दिनदहाड़े गल्ले में रखे रुपये तथा काउंटर पर मोबाइल फोन चुराकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सूचना मिलने पर किला बाजार पुलिस चौकी ने मौके का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में लेकर दुकान मालिक संजय की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए दुकान मालिक संजय ने बताया कि वह लघुशंका के लिए दुकान से बाहर गए थे कि इसी दौरान एक युवक दुकान में दाखिल हुआ। आरोपी ने पहले आसपास की दुकानों की ओर देखा तथा मौका पाकर गल्ले को खोल उसमें रखी करीब 12 से 15 हजार रुपये अपनी जैकेट की जेब में डाल लिए। इसके बाद काउंटर पर रखा उसका मोबाइल फोन उठाकर तेजी से दुकान से बाहर निकल गया। संजय ने बताया कि लघुशंका के बाद जब वह दुकान पर वापस लौटा तो देखा गल्ला खुला हुआ है और गल्ले में रखी नकदी गायब मिली। काउंटर पर रखा उसका मोबाइल फोन भी नदारद था। इसके बाद उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की तो एक युवक दुकान के गल्ले में से रुपये निकालता और काउंटर पर रखा मोबाइल फोन उठाकर ले जाता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। दुकान मालिक संजय व आसपास के दुकानदारों ने दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात पर चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में आरोपी की स्पष्ट तस्वीरें मिली हैं।



**हांसी।** दुकान के गल्ले में से रुपए निकालता युवक।

# 5 दिन से लापता युवक का शव बरामद, मुंह पर चोट के निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गांव मिर्जापुर में 5 दिन से लापता 19 वर्षीय युवक का शव सड़क के किनारे खड़े बरसाती पानी में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव के ही मोनू के रूप में हुई है। परिजनों ने 6 दिसंबर को मोनू की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक की गर्दन तथा माथे पर चोट के निशान हैं। शव को देखकर परिजनों ने आरोप लगाया कि मोनू की हत्या कर शव का फेंका गया है। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया है।

### मूनू के भाई का बयान

मृतक मोनू के भाई जयभगवान ने बताया कि 4 दिसंबर को रात साढ़े 9 बजे मोनू खाना खाने के बाद चाय पीकर घर से निकला था। पहले यह घर पर साढ़े 8 बजे सो गया था, मगर मां ने उसे जगाया और कहा कि मोनू प्लाट में जाकर सो जा। जयभगवान के अनुसार मोनू का रात को 10 बजे हमने फोन ट्राई किया मगर बंद मिला। इसके बाद सुबह 9 बजे मिलाया तब भी बंद था। मृतक के परिजनों के अनुसार पुलिस ने मोनू की ईएमआई नंबर से लोकेशन जांची। तब 6 दिसंबर को 12.12 बजे आदमपुर की लोकेशन मिली थी। बाद में उसकी कोई लोकेशन दिखाई नहीं दी। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे गांव के पाना महराणा में सड़क किनारे खड़े बरसाती पानी में एक महिला ने युवक का सिर देखा। उसने सरपंच प्रतिनिधि संजय सोनी और ग्रामीणों को मामला बताया। बाद में शव को पानी से बाहर निकाला तो वह पांच दिन से लापता मोनू का मिला। मृतक मोनू के पिता का निधन 2 साल पहले ही हो चुका है। मोनू के 3 भाई और हैं और मां के साथ रहते हैं।

## स्वास्थ्य अधिकारी एएनएम व आशा वर्करों के साथ नियमित करें बैठकें

# मंगाली, तलवंडी, नलवा व लाडवा क्षेत्र में लिंगानुपात 900 से कम

*डीसी ने जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा बैठक की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति (एनकॉर्ड) तथा पीसीपीएनडीटी व एमटीपी एक्ट की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त महेंद्र पाल ने पीसीपीएनडीटी और एमटीपी एक्ट की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम और बेहतर लिंगानुपात के लिए किए गए प्रभावी कदमों की समीक्षा की। सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत ने अवगत करवाया कि हाल ही में पोर्टल पर जिले का लिंगानुपात 909 दर्ज किया गया है। मंगाली, तलवंडी, नलवा तथा लाडवा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां लिंगानुपात 900 से कम है। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी प्रत्येक सप्ताह एएनएम और आशा वर्करों के साथ नियमित बैठकें करें और एएनसी मामलों में 100 प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।






**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### ठोस कार्य योजना के साथ नशाखोरी को रोकने के निर्देश

नार्कोटिक्स समन्वय समिति की समीक्षा के दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल ने स्वास्थ्य और पुलिस विभाग के अधिकारियों को ठोस कार्य योजना के साथ नशाखोरी को रोकने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि नशाखोरी एक गंभीर विषय है, जिसे रोकने की जिम्मेदारी प्रशासनिक तथा विभागीय अधिकारियों की है। उपायुक्त ने स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की विशेष निगरानी किए जाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने को कहा।

### नवंबर माह में नशे से प्रभावित 302 लोगों ओपीडी में पहुंचे

सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि नवंबर महीने में नशे से प्रभावित 302 लोग ओपीडी में पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस दिशा में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर निरंतर काउंसलिंग की जा रही है। जल्द ही 9 सीएचसी की ओपीडी में काउंसलिंग आरंभ की जाएगी। इसके अतिरिक्त नशे से प्रभावित व्यक्तियों से लगातार दूरभाष पर फालोअप लिया जा रहा है। गत माह 10 प्रभावित व्यक्तियों का उपचार करने उपरांत उन्हें डिस्चार्ज किया गया। इसके अतिरिक्त 10 जागरूकता कैंप भी लगाए गए। पुलिस विभाग की ओर से अवगत करवाया गया कि गत माह में एनडीपीएस के 4 मामलों पर निर्णय आया है। इनमें से 2 में दोषियों को सजा हुई है।



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style

# सारा

## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।



हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी'कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति'के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?''कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।



# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

### अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

### कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का



नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्यूंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

### इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

### इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।



**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

**खबर संक्षेप**

## जनस्वास्थ्य विभाग ने 170 कर्मियों को दी ट्रेनिंग

**फतेहाबाद।** जनस्वास्थ्य विभाग में तैनात वाटर सप्लाई ऑपरेटरों से अब पलंबर का भी का लिया जा सकेगा। जनस्वास्थ्य विभाग ने जिले के 800 में से 170 कर्मचारियों को ट्रेनिंग देकर दक्ष बना दिया है। ये ही नहीं विश्वविद्यालय की तरफ से इन कर्मचारियो को डिप्लोमा भी जारी किया गया है। कर्मचारियों को जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से फरवरी और मार्च माह में आईटीआई भोडिया खेड़ा में ट्रेनिंग करवाई गई थी। अब पलवल की यूनिवर्सिटी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की तरफ से डिप्लोमा जारी किया गया है। पहले चरण में अभी 170 कर्मचारियों की ट्रेनिंग हुई है।

## ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत होने के मामले में भट्टूकलां पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि 2 दिसंबर को मोहन लाल निवासी किरढान द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि एक दिसम्बर को उसका बेटा पवन कुमार मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। शिकायतकर्ता और उसका भतीजा राय सिंह भी अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर उसके पीछे-पीछे चल रहे थे। रात करीब 8:30 बजे, मदर टेरेसा स्कूल, हिसार रोड, भट्टू कलां के पास एक सोनालीका ट्रैक्टर तेज रफ्तार, लापरवाही व गफलत से चलाते हुए सामने से आया।

### ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन अभियान जारी

# जिलेभर में अब तक 159 जगहों पर छापेमारी, 54 अपराधी गिरफ्तार

**7 के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी, 8 आरोपियों के पासपोर्ट रद्द करने के प्रस्ताव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत 159 संदिग्ध जगहों पर छापेमारी कर 54 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान ने न केवल नशे की तस्करी बल्कि अन्य अपराधों के खिलाफ भी निर्णायक कदम उठाए हैं। पुलिस ने जिलेभर में कॉम्बिंग ऑपरेशन, निगरानी और छापेमारी अभियान तेज किया, जिसके परिणामस्वरूप 159 संदिग्ध नशा, शराब और जुआ से जुड़े हॉटस्पॉट इलाकों में सघन गश्त और तलाशी अभियान चलाए गए। ऑपरेशन के तहत अब तक 54 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ और अवैध सामान बरामद किए गए। इनमें 3740 नशीली गोलियां, 2.706 किलो अफीम, 69.28 ग्राम हेरोइन, 28.210 किलोग्राम डोडा पोस्त, 10.90 ग्राम चिट्टा, 32 बोतलें अवैध शराब और 230 लीटर लाहन तथा 39370 रुपये नकदी शामिल है। इस अभियान में नशे के व्यापारियों के साथ-साथ हिंसक और संगठित अपराधों में शामिल अपराधियों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान 7 आरोपियों की संपत्ति अटैच की गई वहीं 19 फरार हिंसक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। 7 आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया। 8 हिंसक आरोपियों के पासपोर्ट रद्द करने के प्रस्ताव भेजे गए। इस अभियान के तहत एक स्थान पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया। 4 आरोपियों के खिलाफ आम्र्स एक्ट में कार्रवाई की गई वहीं 11 गन हाउस संचालकों और उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी किए गए। इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने अन्य 19 राज्यों के साथ महत्वपूर्ण इंटेलिजेंस साझा किया, जिससे फरार और इंटर-स्टेट अपराधियों की निगरानी और पकड़ को और मजबूत किया गया। पुलिस ने अभियान के दौरान मानवता का संदेश भी दिया और 101 जरूरतमंद और विपत्ति-ग्रस्त लोगों को सहायता प्रदान की। यह कार्रवाई यह सिद्ध करती है कि फतेहाबाद पुलिस न सिर्फ अपराधियों के खिलाफ बल्कि समाज की बेहतरी के लिए भी प्रतिबद्ध है।



एसपी सिद्धांत जैन।



सिरसा। हेरोइन के साथ पकड़ी गई आरोपी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### दो महिला तस्कर सहित तीन गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए बीस ग्राम हेरोइन बरामद कर दो महिला तस्करों सहित तीन लोगों को सिरसा जिले क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मबीर सिहं ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान एमसी कॉलोनी सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान एमसी कॉलनी सिरसा की गली में एक महिला खड़ी दिखाई दी जो कि पुलिस को देखकर वापस मुड़कर खिसकने का प्रायस किया करने लगी। महिला पुलिस कर्मचारी की सहायता से महिला सुखजीत कौर पत्नी सदा सिंह निवासी ओटू रानियां जिला सिरसा को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे हजारों रुपए की 7 ग्राम 68 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। एक अन्य मामले में एबीवीटी स्टाफ सिरसा पुलिस ने ऑटो मार्किट सिरसा से एक महिला को 6 ग्राम 52 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी महिला की पहचान इंद्रा निवासी सिरसा के रूप में हुई है।

### अवैध पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित काबू



**सिरसा।** पुलिस ने ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से कार सवार तीन लोगों को तीन अवैध पिस्तौल व भारी मात्रा में जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने मंगलवार को बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सूचना मिली की कुछ आपराधिक किस्म के लोग ऑल्टो कार में काफी मात्रा में अवैध हथियार लेकर कर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में इधर-उधर घूम रहे है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना के आधार पर नारकोटिक्स सेल की पुलिस टीम गांव ढाबा से बुर्ज भंगू रोड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान गांव बुर्ज भंगू की तरफ से ऑल्टो कार आती दिखाई दी जो कि पुलिस टीम को देखकर रूक गई और चालक ने वापस मोड़ कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार को शक के आधार पर रोक लिया और तलाशी ली तो कार सवार राजीव कुमार के कब्जे से 32 बोर का अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस, सोनू के कब्जे से 32 बोर का अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस तथा विजय के कब्जे से छह कारतूस बरामद हुए।

## सीएम घोषणाओं को लेकर डीसी ने ली समीक्षा बैठक



फतेहाबाद। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

- गुणवता, निर्माण कार्य के लिए प्रक्रिया की निरंतरता सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाए रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को पूरा करने के दौरान गुणवता, निर्माण कार्य के लिए प्रक्रिया की निरंतरता सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाए रखते हुए समय पर इन प्रोजेक्ट को तय समय सीमा में पूरा करवाने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि विशेष रूप से इंजीनियरिंग से जुड़े विभाग इस बात का ध्यान रखें कि प्रोजेक्टस में अनावश्यक देरी न हो ताकि बाद में इन प्रोजेक्ट की लागत न बढ़े और निर्धारित अवधि में ये पूरे हो जाएं। डीसी डॉ. विवेक भारती लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति को लेकर अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को अधिकारी गंभीरता से लें और जिन घोषणाओं पर कार्य प्रगति पर है, उन्हें तय समय अवधि में पूरा करवाया जाए। इसके साथ ही जिन परियोजनाओं पर अभी तक कार्य शुरू नहीं करवाया गया है, उन्हें जल्द शुरू करवाया जाए। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें और परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाएं। सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एक-एक करके सभी विभागों की मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपनी-अपनी प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर समयबद्ध अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी परियोजनाएं सरकार द्वारा निर्धारित नोर्मस के अनुसार ही पूरी होनी चाहिए। एक से अधिक विभागों से जुड़ी परियोजनाओं के लिए अधिकारी आपसी तालमेल बनाकर कर कार्य करें, ताकि अनावश्यक देरी न हो।

# एसपी की शहर में पैदल गश्त व निरीक्षण

- भाई चारा बढ़ाने और असामाजित तत्वों को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आज थाना शहर टोहाना का औचक निरीक्षण किया और पूरे थाना परिसर में सुरक्षा व प्रशासनिक व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों का रखरखाव और रजिस्टरों की सटीकता की जांच की। एसपी ने मालखाना और वाहनों के निपटारे की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए सख्त निर्देश दिए कि सभी मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने थाना कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों से हमेशा सौम्य और मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना और उन्हें हर संभव मदद प्रदान करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



टोहाना। शहर का भ्रमण करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

**रात्रि गश्त बढ़ाएं**

उन्होंने शहर में रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी व सघन बनाने के आदेश दिए, ताकि असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके और रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें। निरीक्षण से पहले पुलिस अधीक्षक ने कैंची चौक, टोहाना में पैदल गश्त करते हुए शहर में कानून-व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। नागरिकों की समस्याएं सुनी और उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर डीएसपी संजय सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद और अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# प्रदूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण बीमारी फैलने की आशंका से परेशान

- गांव नुहियांवाली में वाटर वर्क्स की चारदीवारी की सफाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

गांव नुहियांवाली में वाटर वर्क्स की चारदीवारी व सफाई नहीं होने के कारण हालात ऐसी है कि दूषित पानी पीने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जलघर में जहां पर पीने का पानी स्टोर होता है वहां पर कूड़े के ढेर लगे हुए है जिसके कारण जब बरसात होती है तो सारी गंदगी पीने के पानी में चली जाती है। जिस कारण ग्रामीण बीमार हो रहे हैं और गांव में भयंकर बीमारी फैलने की संभावना है। ग्रामीणों में पिछले समय पानी जनित रोगों की समस्याएं भी देखने को मिली थी जिसके बाद उन्हें आश्वस्त किया गया था कि इसके प्रति ध्यान दिया जाएगा लेकिन आज तक समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।ग्रामीणों ने बताया कि वाटर वक्र्स की तीन तरफ चारदिवारी नहीं है जिसके चलते आवारा पशु आकर बैठते है और लोगों ने कूड़ा भी वहीं फेंकना शुरू कर दिया है।



ओढां। नुहियांवाली के वाटर वक्र्स के पास उगी झाडि़यां व गंदगी।

## ब्लॉक स्तरीय कानूनी साक्षरता में क्रेसण्ट स्कूल के छात्र चमके

**फतेहाबाद।** पीएम श्री स्कूल में कानूनी साक्षरता क्लब द्वारा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में क्रेसण्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट तैयारी से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने डॉक्यूमेंट्री, पेंटिंग, कविता-पाठ, भाषण, क्विज, स्लोगन लेखन, लेख-लेखन, डिबेट एवं पावर-पॉइंट प्रेजेंटेशन जैसी सभी प्रतियोगिताओं में शानदार भागीदारी करते हुए सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपनी योग्यता का परचम लहराया। डॉक्यूमेंट्री में कंगना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# पटाका छोड़ने पर बुलेट बाइक को किया इंपाउंड, 23 हजार का लगाया जुर्माना

- यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कारगर कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला यातायात थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने अपने दलबल सहित शहर के विभिन्न इलाकों में यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाते हुए यातयात नियमों की अनदेखी करने वालों पर शिकंजा कसा। इसी कड़ी में उन्होंने मंगलवार को बाबा भुम्मणशाह चौक पर पटाखानुमा साइलेंसरयुक्त बुलेट को इंपाउंड कर बुलेट चालक को 23 हजार रुपए का जुर्माना किया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में भी चैकिंग के दौरान करीब 12 दोपहिया व चौपहिया वाहनों को यातायात नियमों के प्रति असंवेदनशील होने पर आर्थिक तौर पर दंडित किया। जिला यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक सुखदेव सिंह ने शहरवासियों से यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना यथासंभव सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों की पालना करें।



सिरसा। पटाखानुमा साइलेंसरयुक्त बुलेट को इंपाउंड करते हुए यातायात पुलिस।

## कैब ड्राइवर साइबर ठगी का शिकार खाते से 96600 रुपये निकाले

- पुलिस कर रही जांच, आरोपियों को जल्द काबू कर लिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

टोहाना में एक कैब ड्राइवर साइबर ठगी का शिकार हो गया। साइबर ठगों ने यूपीआई के माध्यम से उसके बैंक खाते से 96 हजार 600 रुपये निकाल लिए। जब पीड़ित को इसका पता चला तो उसने इस बारे पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में टोहाना के गांव अमानी निवासी राज सिंह पुत्र चरणजीत सिंह ने कहा कि है कि वह कैब ड्राइवर है। उसका केनरा बैंक, टोहाना में खाता है। उसने बताया कि 28 नवंबर दोपहर को उसके खाते से तीन बार में अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 50 हजार, 40 हजार और 6600 रुपये यानि कुल 96 हजार 600 रुपये कट गए। जब उसे बैंक से उसके खाते से पैसे कटने का मैसेज मिला तो उसके पैरों तले जमीन निकल गई। उसने तुरंत बैंक में जाकर पता किया तो उसे बताया गया कि यह पैसे उसके यूपीआई द्वारा कटे हैं। इसमें हम कुछ नहीं कर सकते। राज सिंह ने आरोप लगाया कि अज्ञात ठगों ने धोखाधड़ी कर उसके बैंक खाते से 96600 रुपये निकाले हैं। इस पर उसने इस बारे ऑनलाइन पोर्टल पर साइबर फ्रॉड बारे शिकायत दर्ज करवाई।

# मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर पाएं वित्तीय सहायता : डीसी

- अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर सकते लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया अधिक सरल हो गई है। अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है।

**प्रक्रिया की जानकारी दी**

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने आवेदन मंजूरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा, वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के पास भेजा जाएगा और जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल -अचल संपति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में संपति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है।

## चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी काबू

**सिरसा।** एबीवीटी स्टाफ पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। एबीवीटी प्रभारी गुरमेश ने बताया कि खन्ना कॉलोनी निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 5 दिसंबर की शाम को रेलवे पार्क के सामने बाइक खड़ी कर किसी काम के सिलसिले में गया हुआ था। कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया। पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच एबीवीटी स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी। जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एबीवीटी स्टाफ की एक पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

### रैन बसेरे का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

# एसडीएम ने बस स्टैंड पर जरूरतमंद को दिया कंबल

***ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं की सराहना की***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में जरूरतमंद एवं बेघर लोगों को ठंड से बचाव हेतु रैन बसेरों में सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है। एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार ने नए बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

एसडीएम ने मौके पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरे में आने वाले लोगों को गर्म बिस्तर, कंबल, स्वच्छ वातावरण व सुरक्षित ठहराव की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ठंड का यह मौसम जरूरतमंदों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे रैन बसेरों का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति खुले में रात बिताने को मजबूर न हो।



फतेहाबाद। बस स्टैण्ड पर जरूरतमंद को कंबल देते एसडीएम राजेश कुमार।

**जरूरतमंद व्यक्ति ठंडक में परेशान न रहे**

निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड फतेहाबाद पर एक जरूरतमंद व्यक्ति मिला, जिसे रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से कंबल प्रदान किया गया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रात के समय बस स्टैंड, मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें रैन बसेरों तक पहुंचाया जा सके। एसडीएम राजेश कुमार ने जीटी रोड क्षेत्र में भी निरीक्षण किया तथा मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड में परेशान न रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील है और आमजन से भी अपील की कि ऐसे किसी भी बेघर या जरूरतमंद व्यक्ति की सूचना तुरंत नगर परिषद या प्रशासन को दें, ताकि उन्हें सुरक्षित ठहराव उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव रामजीलाल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जान से मारने की धमकी देने का तीसरा आरोपी काबू

- झगड़े के दौरान हथियार के बल पर वारदात को दिया था अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

झगड़े के दौरान हथियार के बल पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीसरे आरोपी को काबू किया है। युवक की पहचान अमनदीप उर्फ दीपक उर्फ दीपी पुत्र भगवान दास निवासी बुढक़, जिला हिसार के रूप में हुई है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार भी बरामद की गई है। इससे पहले पुलिस इस प्रकरण में दो आरोपियों को काबू कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि दरियापुर निवासी सुभाष चंद्र पुत्र महेंद्र सिंह द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार 9 अगस्त की सुबह लगभग 4:20 बजे वह अपने भाई गुरमीत के साथ पानी की बारी लगाने गया था। उसी दौरान उसका चाचा जीत सिंह, उसका लडक़ा जगसीर तथा 2-3 अन्य व्यक्ति वहां आ पहुंचे।

**सूचना**

मैं, राम मेहर सिंह पुत्र श्री प्रीत सिंह निवासी गांव धर्मखेड़ी तह. बास जिला हिसार हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पुत्र अनिल कुमार की विधवा मुकेश देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं की सुरक्षा के लिए चलाया अभियान

**हांसी।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर महिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने मंगलवार को हांसी पुलिस जिला क्षेत्र के नारनौंद, बास तथा हांसी शहर के प्रमुख स्थानों महिला महाविद्यालय, पार्क, शिक्षण संस्थानों, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, एसडी कॉलेज वाली गली, प्रताप बाजार, बड़सी गेट, छाबड़ा चौक, बजरिया चौक सहित अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर महिलाओं और छात्राओं से संवाद किया।

### जगदीश चन्द्र बसपा के हरियाणा प्रभारी बने

**हिसार।** मेला ग्राउंड सेक्टर -21 निवासी सेवानिवृत इस्पेक्टर जगदीश चन्द्र को बसपा हरियाणा प्रभारी बनाया गया है। उनकी यह नियुकित बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश कुमारी मायावती ने की है। मूलरुप से मेरा गांव जिला भिवानी के हल्का तोशाम के गांव निगाना खुर्द में जन्मे जगदीश चन्द्र की अधिकांश डयूटी हिसार पुलिस कंट्रोल रुम में रही है, और वो लंबे समय से समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों के मददगार रहे हैं।

### रोटरी सैंट्रल ने टीबी मरीजों को प्रोटीनयुक्त आहार बांटे

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल हिसार द्वारा पटेल नगर स्थित धर्मशाला में टीबी के 20 मरीजों को प्रोटीन की दूसरी डाइट दी गई। रोटरी सैंट्रल के प्रधान सुनील मलिक ने बताया कि क्लब द्वारा इन 20 मरीजों को गोद लिया गया है जिन्हें 6 महीने के लिए प्रोटीन डाइट उपलब्ध करवाकर उन्हें टीबी के इलाज में उनका सहयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को यह दूसरी डाइट इनको दी गई। इस अवसर पर टीबी अस्पताल की ओर से जगत एवं संध्या उपस्थित रहे।

### बाल्मीकि धर्मशाला के निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**हिसार।** वार्ड 13 के गोबिंद नगर स्थित बाल्मीकि धर्मशाला के पुनर्निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल के निजी सचिव ललित शर्मा व पार्षद संजय डालमिया विशेष तौर पर उपस्थित हुए। बाल्मीकि धर्मशाला का पुनर्निर्माण का कार्य विधायक सावित्री जिंदल के निजी कोष से होगा।

### निर्माण मजदूर 14 को करेंगे सीएम आवास का घेराव

**हिसार।** प्रदेश सरकार मजदूरों के हकों को खत्म करने पर तुली हुई है। इससे मजदूरों में सरकार के खिलाफ गुस्सा है। यह बात कैमरी गांव में मजदूरों को संबोधित करते हुए हिसार तहसील के सचिव राकेश गगंवा ने कही। उन्होंने कहा कि संयुक्त निर्माण मोर्चा के आहवान पर 3 दिसम्बर से हरियाणा प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) के राज्य प्रधान मनोज सोनी मजदूरों को सम्बोधित कर रहे हैं।

### एचएसवीपी अधिकारियों को सेवाओं का दिया प्रशिक्षण

**हिसार।** हिपा की ओर से डीटीसी में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं और संबंधित पोर्टलों के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन पूर्व आईएएस अधिकारी शिव प्रसाद शर्मा और डीटीसी के पूर्व प्राचार्य डीएन चहल द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान जन शिकायत निवारण प्रणाली, सुशासन से जुड़े पहलू, सीएम विंडो, सीपीग्राम्स, सरल पोर्टल और सेवा का अधिकार अधिनियम पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### मांगों को लेकर डिपो महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की हिसार डिपो की मीटिंग की डिपो प्रधान जितेंद्र शर्मा व हांसी सब डिपो प्रधान अमित खुराना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन राज्य प्रेस सचिव सुरेश सैनी नारनौंद व राज्य संपादक सुरेंद्र जांगड़ा ने किया। मीटिंग के बाद कर्मियों की मांगों के समाधान के लिए डिपो महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।

**मरीज परेशान:** नहीं हुए आंखों के ऑपरेशन व एक्स-रे

# सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी

दूसरे दिन भी 135 चिकित्सक हड़ताल पर रहे। मंगलवार को सोमवार की तुलना में ओपीडी में मरीजों की संख्या कम रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



**हिसार।** नागरिक अस्पताल में ओपीडी कक्ष के बाहर चिकित्सकों को इंतजार करते मरीज। *फोटो : हरिभूमि*

एसएमओ की सीधी भर्ती के विरोध में हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएस) के आह्वान पर जिले के सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। दूसरे दिन भी 135 चिकित्सक हड़ताल पर थे। मंगलवार को सोमवार की तुलना में ओपीडी में मरीजों की संख्या कम रही।

सोमवार को ओपीडी में एक हजार से अधिक मरीजों पहुंचे, जबकि मंगलवार को 951 मरीज दवा और उपचार करवाने के लिए आए। इनमें से 194 नए मरीज थे और बाकी पुराने मरीज थे। पिछले मंगलवार को 1466 मरीजों की ओपीडी थी। हड़ताल के दौरान जो मरीज उपचार के लिए आए उन्हें परेशानियों को सामना करना पड़ा। आज भी आंखों के ऑप्रेशन नहीं हो पाए। एक्स-रे सुविधा भी प्रभावित रही।

डॉक्टर्स की हड़ताल के चलते दूर-दराज से आए मरीजों को बैरंग लौटना पड़ा। सीएमओ डॉ. सपना गहलावत ने नागरिक अस्पताल को निरीक्षण किया और ओपीडी कक्ष में सेवाएं दे रहे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षु डॉक्टर्स से अपडेट लिया।

**अस्पताल पहुंचे लोगों ने बयां किए हालात**

नरवाना के दनौदा गांव से पहुंची महिला किताबों ने बताया कि वह 70 वर्षीय बुजुर्ग मां की रीढ़ की हड्डी में दिक्कत के चलते यहां इलाज करवाने आई थी। यहां पता चला कि एक्सरे आज हो नहीं रहे। वह इतनी दूर से बसों में धक्के खाती हुई आई थी। रामपुरा मोहल्ला निवासी तिलक ने बताया कि वह अपनी पत्नी सुनीता को लेकर जच्चा-बच्चा वार्ड में गया था। सुनीता में खून की कमी थी। चार घंटे इंतजार के बाद जब अंदर गया तो नर्सिंग ऑफिसर ने हाथ में कैनूला लगा दिया और मेरे हाथ में खून की थैली थमा दी। करीब 20 मिनट तक हाथ में खून की थैली लेकर खड़ा रहा। फिर कहीं जाकर बैड मिला। एक महिला डिलीवरी के बाद टांके खुलवाने पहुंची थी, लेकिन स्टाफ ने उसे टांके खुलवाने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गांव बास से आए राजेश ने बताया कि वह ड्रग्स छुड़वाने की दवा नागरिक अस्पताल से ले रहा है। उसका एक पैर एक्सीडेंट के बाद कट चुका है। बैसाखी के सहारे चलता हूं। गांव बास से बस में लटककर नागरिक अस्पताल पहुंचा हूं, मगर यहां पता चला कि जिस डॉक्टर से इलाज चल रहा है, वे आज है नहीं।

# हिंदू स्कूल ने राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जीता सोना

- पदक विजेताओं का स्कूल पहुंचने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



**हांसी।** राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों व कोच को सम्मानित करते स्कूल निदेशक अनिल कुमार व अन्य।

हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की खिलाड़ियों ने हरियाणा राज्य स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतकर कर ओवरऑल ट्रॉफी प्राप्त की। पदक विजेता खिलाड़ियों का मंगलवार को स्कूल पहुंचने पर फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। स्कूल के चेयरमैन अनिल ने बताया कि जिला खो-खो संघ द्वारा कैथल में हरियाणा राज्य स्तरीय जूनियर लड़के एवं लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें हरियाणा के सभी जिलों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल कर अपने स्कूल, शहर व अभिभावकों का नाम रोशन किया। टीम की इस उपलब्धि पर हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल चेयरमैन अनिल कुमार, प्राचार्या सुनीता, वीरेंद्र पीटीआई ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला खो-खो संघ के प्रधान रमेश चंद्र, सोनू, वीरेंद्र, सुरेंद्र आदि ने भी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

### फ्रॉड पेमेंट मामलों में पेट्रोल पंपों के खाते न किए जाएं सीज

**हिसार।** ऑल हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के हिसार जिला प्रधान राजकुमार सलेमगढ़ ने पुलिस प्रशासन व बैंक अधिकारियों से अनुरोध किया है कि पेट्रोल पंप पर किसी तरह का फ्रॉड़ मामला सामने आाने पर पंप का खाता सीज न किया जाए। उनका कहना है कि ऐसे फ्रॉड़ मामलों में पेट्रोल पंप संचालक की कोई कोई गलती नहीं होती, उल्टा खाता सीज होने से उसका लेन-देन प्रभावित होता है और कई बार तो पंप ड्राई होने तक की नौबत आ जाती है।

# रैली में उमड़े जन सैलाब ने छात्रों की उड़ाई नींद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



अमित बूरा।

जन नायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित बूरा ने पार्टी के 8वें स्थापना दिवस समारोह पर जुलाना में आयोजित रैली की अपार सफलता पर जिला हिसार से पहुंचे प्रत्येक गांव व शहर के कार्यकताओं व आमजन का आभार व्यक्त किया है। जेजेपी जिलाध्यक्ष अमित बूरा ने दावा किया कि मौजूदा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भारी संख्या में पहुंचे जनसमूह ने स्वर्गीय चौधरी देवी लाल के विचारों व उनकी नीतियों का अनुसरण कर डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला, दिग्विजय चौटाला, नैना चौटाला को अपनी पार्टी के प्रति आस्था और प्यार दिखा दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस जो विपक्ष में होते हुए भी अपनी जिम्मेदारी जनता के प्रति नहीं निभा रही है।

# कांग्रेस ने 14 की वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली को लेकर बनाई रणनीति



**हिसार।** बैठक में रणनीति तैयार करते ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

जिला कांग्रेस रिटायर्ड कर्मचारी सैल की बैठक मंगलवार को कांग्रेस भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दयापाल भड़यिा ने की। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया के नेतृत्व में हुई बैठक में 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महा-रैली को लेकर रणनीति, व्यवस्थाओं और सैल की भागीदारी पर चर्चा की गई। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि यह रैली केवल विरोध नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और जनता की आवाज की पुनर्स्थापना का निर्णायक जन-संग्राम है। बैठक में अनूप सिंह सरसाना, रणधीर सिंह बामल, अशोक बोयत, अजीत सिंह, सूबे सिंह पूनिया, रमेश चाहर, गुलाब महला, टेक चंद बटेसर, श्याम लाल, कृष्ण कुमार जागनवाल, सतबीर रुहील, नंदलाल तवर, दलीप सिंह सिहाग, राजवीर, चंद्र शेखर आदि मौजूद रहे।

# लोक अदालत की तारीख नज़दीक, साइबर ठग सक्रिय

- साइबर ठगों से सचेत करने के लिए पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



शशांक कुमार सावन, एसपी।

जैसे-जैसे 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तारीख नजदीक आ रही है, साइबर अपराधी भी नई चालें चलने लगे हैं। ये ठग लोक अदालत के नाम पर फर्जी मैसेज, ईमेल और व्हाट्सऐप लिंक भेजकर लोगों से उनकी व्यक्तिगत व संवेदनशील जानकारी (ओटीपी, बैंक विवरण, आधार नंबर आदि) चुराने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने नागरिकों को सचेत करते हुए कहा कि हाल के दिनों में ऐसे कई मामलों की जानकारी मिली है, जिनमें अपराधी लोक अदालत की आड़ लेकर लोगों को केस सैटलमेंट, फाइन रिडक्शन, पेमेंट लिंक, कानूनी नोटिस डाउनलोड जैसे बहाने बनाकर धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी पेमेंट लिंक, फॉर्म या दस्तावेज सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट पर देखें। व्हाट्सऐप,एसएमएस, ईमेल पर आए किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। ओटीपी, बैंक अकाउंट विवरण, कार्ड नंबर या यूपीआई पिन किसी के साथ साझा न करें। लोक अदालत से संबंधित आधिकारिक कॉल केवल न्यायालय/कानूनी प्राधिकरण से ही आते हैं, किसी निजी नंबर पर विश्वास न करें।

# टीबी को भारत से करना है खत्म : प्रो. बिश्नोई


- टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत गुजवि ने किया जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन
- निक्षय मित्र योजना के तहत लिया 48 अक्षय रोगियों को गोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



**हिसार।** अक्षय रोग से पीड़ित रोगियों के लिए हरी झंडी दिखाकर राशन वितरण का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव देवा, सातरोड़ कलां, बहबलपुर व नंगथला के अक्षय रोग से पीड़ित रोगियों के लिए विशेष राशन वितरण का आयोजन किया गया। राशन वितरण का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर कुलपति ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की यह पहल अक्षय रोग निवारण के लिए एक सराहनीय कदम है। 2022 में शुरू किए गए टीबी मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य देश से टीबी (तपेदिक) को खत्म करना है। इस प्रकार के कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी से टीबी रोगियों को पोषण, निदान और व्यावसायिक सहायता प्राप्त होती है। इस अभियान के तहत व्यक्तियों और संगठनों द्वारा टीबी रोगियों को गोद लेकर सहायता (पोषण किट, व्यावसायिक प्रशिक्षण) प्रदान करना एवं निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान हर महीने पोषण सहायता प्रदान करना आदि शामिल हैं। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ विजय कुमार, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ मुकेश शर्मा आदि रहे।



**हिसार।** नेत्रहीनों की जांच करते हुए टीम के सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### जरूरतमंद नेत्रहीनों की मदद करके समाज की मुख्यधारा से जोडना ही लक्ष्य : डॉ. मित्तल

**हिसार।** न्यू महाबीर कॉलोनी स्थित हिसार नेत्रहीन एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 22 नेत्रहीनों के दांतों की जांच की गई। डॉ. सचिव मित्तल एंडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. तरूण ने मरीजों की जांच की। टीम ने टूथब्रश तथा यथासंभव दवाईयां भी दी। डॉ. सचिन मित्तल ने बताया कि समय-समय पर उनकी टीम द्वारा इस तरह के निःशुल्क कैंपों का आयोजन किया जाता है, जिसमें उनका प्रयास रहता है कि जो आर्थिक रूप से कमजोर नेत्रहीन हैं, उनकी मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि नेत्रहीनों को समाज की मुख्यधारा से जोडना ही उनकी प्राथमिकता है और इस तरह के कैंप उसी दिशा में एक कड़ी का काम करते हैं, जिसमें नेत्रहीनों को सहायता उपलब्ध करवाकर उनकी मदद की जा सके। इस दौरान मोनिका रानी, मदन लाल, डॉ. शीशपाल बोस्ती आदि उपस्थित थे।

# आदमपुर पॉलीटेक्निक ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर चलाया सहयोग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आदमपुर



**आदमपुर।** विशेष धन संग्रह अभियान चलाते एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश कुमार व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

राजकीय बहुतकनीकी की एनएसएस यूनिट ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में सैनिकों और उनके परिवारों के सहयोग के लिए विशेष धन संग्रह अभियान आयोजित किया। यह अभियान प्राचार्य डॉ. बिजेंद्र सिंह के आह्वान पर तथा एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश कुमार के मार्गदर्शन में संचालित हुआ।

अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक स्टाफ एवं विद्यार्थियों से सहयोग राशि एकत्रित की। प्राचार्य डॉ. बिजेंद्र सिंह ने एनएसएस टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सभी को इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने अभियान में सहयोग देने वाले सभी विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान रेखा ने भावपूर्ण भाषण प्रस्तुत किया, जबकि पायल ने देशभक्ति पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया। पूरे परिसर में दिनभर देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। एनएसएस यूनिट ने बताया कि एकत्रित की गई संपूर्ण राशि जिला सैनिक कल्याण बोर्ड को सौंपी जाएगी।



**हिसार।** हवाई अड्डे पर अधिकारियों से बैठक के दौरान गतिविधियों की जानकारी लेते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### डीसी ने हिसार एयरपोर्ट का किया दौरा

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने मंगलवार को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का दौरा कर अधिकारियों से चल रहे निर्माण कार्यों, सुरक्षा व्यवस्था, संचालन प्रक्रिया व हवाई सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने एयरपोर्ट का अवलोकन करते हुए हवाई पट्टी का निरीक्षण किया और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्हें अवगत करवाया गया कि तीन चरणों में एयरपोर्ट को बनाये जाने का काम किया जा रहा है। जयपुर, दिल्ली, चंडीगढ़, अयोध्या आदि स्थानों के लिए फ्लाइट चल रही है और फिलहाल यात्रियों की संख्या में भी बढोतरी देखने को मिल रही है। जल्द ही जम्मू के लिए हवाई सेवा करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, डीएफएससी अमित शेखावत, सिविल एविएशन से प्रोटोकॉल अधिकारी सतपाल आर्य, एयरपोर्ट निदेशक ओपी सैनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

स्थापित - 1936
सर्वेसन्तु निरामया:
डॉ. बनारसी दास शर्मा हस्पताल
3 पीढ़ियों से आपकी सेवा में
आयुर्वेद चिकित्सा-श्रेष्ठ चिकित्सा
चर्म रोग
सोरायसिस सफेद दाग बालों का झड़ना मुंहासे
एग्ज़ीमा, Fungal, Acne, Alcpocia, Urticaria आदि सभी प्रकार के चर्म रोगों के विशुद्ध आयुर्वेदिक उपचार के लिए सम्पर्क करें।
डॉ. साकेत शर्मा, आयुर्वेदाचार्य
मोहल्ला सैनियान, हिसार | मो. 98960-04939

**अभिभावकों व दर्शकों की भारी भीड़ में उमड़ा उत्साह**

# होली चाइल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार





**हिसार।** मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुति के साथ उपस्थिति विद्यार्थी तथा खचाखच भरे एक्टिविटी सेंटर में अभिभावकों की उपस्थिति।

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 38वां वार्षिकोत्सव - समर्थ – आत्मनिर्भर हम, आत्मनिर्भर भारत, अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव की विशेषता यह रही कि इस वर्ष विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किए,यह कदम विद्यालय की अभूतपूर्व सोच एवं अभिभावक-शिक्षक सहयोग की अनूठी मिसाल बना। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु, प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल तथा टॉपर्स के अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती को नमन करते हुए किया गया। प्रबंध निदेशक सिधु ने अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया और विद्यालय के विद्यार्थियों पर गर्व व्यक्त किया। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने विद्यालय के शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

**कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़**

प्री नर्सरी के बच्चों ने देश की रक्षा में निहित सैनिकों की देशभक्ति को भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से प्रदर्शित किया। कक्षा 1 और 2 के बच्चों द्वारा किसानों की फसलों, मसालों, फूलों और फलों की बढ़ती मांग पर जोर देने से यह दर्शाया गया कि कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कक्षा 6 से 8 ने इसरो के वैज्ञानिकों की उपलब्धियां दिखाकर विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में भारत की प्रगति को उजागर किया। कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों ने गणेश वंदना पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी, साथ ही संगीतमय लाइव परफॉर्मेंस और स्कूल बैंड द्वारा रचित नई धुनों का शानदार प्रदर्शन किया।

### वेतन जारी नहीं होने पर कौशल रोजगार कर्मचारियों का प्रदर्शन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच हिसार ने कौशल रोजगार निगम आधीन कार्यरत कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं होने के विरोध में कार्यकारी अभियंता, मंडल नंबर 2 के कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग कर रोष प्रदर्शन किया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान दीपक लोट ने की व संचालन ब्रांच सचिव राकेश शर्मा ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान लोट व सचिव शर्मा ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के आधीन कार्यरत कर्मचारियों का 2 महीनों से वेतन जारी नहीं किया गया है।